पंजाब केसरी 17-03-2023

# खेल मानसिक एवं शारीरिक विकास का आधार : द ग्रेट खली

अम्बाला छावनी, 16 मार्च (कोचर): कैंट के जी.एम.एन कालेज में 53वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज वीरवार को हुआ, जिसका शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। कालेज के एन.सी.सी कैडेट्स, एन.एस.एस, रैडक्रॉस वॉलिंटियर्स, वूमैन सेल ने मार्च पास्ट करके सलामी दी। खेल महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में अंतर्राष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली उपस्थित रहे।

खली ने कहा कि वे जी.एम.एन. कालेज के बारे में सुनते रहते हैं और यह महाविद्यालय खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। द ग्रेट खली ने विद्यार्थियों को कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में कुछ न कुछ लक्ष्य जरूर निर्धारित करने चाहिए और खेलों से प्रेरणा लेनी चाहिए। क्योंकि कोई भी प्रतियोगिता हौंसले व लग्न से ही जीती जा सकती है।

उन्होंने कहा कि वे आज जिस मुकाम पर हैं वो सिर्फ खेल की वदौलत हैं। खेल मानसिक एवं शारीरिक विकास का भी आधार है। महाविद्यालय प्राचार्य ने कालेज की वार्षिक रिपोंट प्रस्तुत की। कालेज गवर्निंग बॉडी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का सत्कार उन्हें स्मृति चिन्ह देकर प्रकट किया। मंच संचालन डा. अमित, डा. मनजीत कौर, डा. अनुपमा सिहाग, डा. रवनीत व डा. तृप्ति ने किया।



विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्यअतिथि द ग्रेट खली। (चंद्रमोहन)



मार्च पास्ट करती टुकड़ी। (चंद्रमोहन)

## इस प्रकार रहे प्रतियोगिताओं के नतीजें

पहले दिन हुई 400 मीटर वूमैन रेस में प्रथम रूचि भट्ट, बी.ए. प्रथम हर्ष, द्वितीय कृतिका, बी.ए. द्वितीय, तृतीय सजना, बी.कॉम द्वितीय वर्ष, 400 मीटर पुरुषों में प्रथम आशीष, बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय पंकज, बी.ए. प्रथम वर्ष, तृतीय रूद्रप्रताप, बी. सी.ए द्वितीय वर्ष, 800 मीटर वूमैन में प्रथम कृतिका, बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय रूचि भट्ट, बी.ए. द्वितीय वर्ष, तृतीय अंशिका, बी.एस.सी प्रथम वर्ष, शॉट्रपुट वूमैन में प्रथम मोनी, बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय नीधि, बी.ए. द्वितीय वर्ष, तृतीय राखी, बी.ए. तृतीय वर्ष रही। इसके अलावा अन्य कई प्रतियोगिताओं के भी मौके पर ही नतीजे घोषित कर दिए गए।